भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2516
सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**बिहार में प्रसाद योजना के अंतर्गत आने वाले तीर्थ स्थल**

**2516. श्री रामप्रीत मंडल:**
**श्री कौशलेन्द्र कुमार:**
**श्री राजेश रंजन:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान बिहार में तीर्थयात्रा पुनरुद्धार और आध्यात्मिक, धरोहर संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत विकास हेतु चिह्नित और स्वीकृत तीर्थस्थलों के नामों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या बिहार राज्य सरकार ने वर्ष 2017-18 से अब तक किसी तीर्थस्थल के विकास हेतु केंद्र सरकार को कोई प्रस्ताव भेजा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय "तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान" (प्रशाद) योजना के तहत बिहार राज्य सहित देश भर में चिह्नित धार्मिक और विरासत स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इस योजना के तहत पर्यटन मंत्रालय ने बिहार राज्य में 3 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका विवरण **अनुबंध** में है।

पर्यटन परियोजनाओं हेतु वित्तीय सहायता के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जाँच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा निधि की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****

**अनुबंध**

श्री रामप्रीत मंडल, श्री कौशलेन्द्र कुमार और श्री राजेश रंजन द्वारा बिहार में प्रसाद योजना के अंतर्गत आने वाले तीर्थ स्थल के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2516 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**बिहार राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि | जारी राशि | भौतिक प्रगति | वित्तीय प्रगति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पटना साहिब में विकास | 2015-16 | 29.62 | 29.62 | 100% | 100% |
| 2. | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में बुनियादी सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 3.63 | 3.63 | 100% | 100% |
| 3. | अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास | 2024-25 | 13.29 | 0 | 0% | 0% |

*****